Interestingly, Samay's name had already come up in conversations around the show. In a recent interview with The Hollywood Reporter India, Karan Johar spoke about the guest selection process for the ninth season and spoke about an episode with Samay Raina, Tanmay Bhat and Farah Khan.Talking about how he chose the guests, Karan said that this season's line-up was largely based on his personal comfort and equation with people. He explained that he wanted to invite those with whom he shared a certain warmth, rather than approach anyone who might feel obliged to accept his invitation.The filmmaker also spoke about the challenge of finding two guests for an episode, which is why the season featured several celebrity couples.

He revealed that three couples had appeared on the show, along with some unusual combinations that he chose not to disclose.Meanwhile, he also spoke about an episode featuring Samay Raina, Tanmay Bhat and Farah Khan. KJo said he expected to have a great time because the three would probably take his case. He added that he had not followed one fixed format for every episode and instead planned conversations around the guests' personalities and the stage of life they were in.

संक्षिप्त समाचार

झपकी आने से कार पलटी, नवदंपती समेत चार घायल



जामताड़ा,एजेंसी। शादी के दो दिन बाद नवदंपती परिवार के साथ बाबा बैद्यनाथ के दर्शन करने देवघर जा रहे थे। शुक्रवार सुबह मिहिजाम थाना क्षेत्र के बेवा के पास चालक को नींद की झपकी आई और होंडा कार सड़क पर पलट गई। हादसे में नवविवाहिता समेत चार लोग घायल हो गए। सभी को जामताड़ा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पश्चिम बंगाल के रानीगंज निवासी शंभू बरनवाल (56), उनकी पत्नी ज्योति बरनवाल (50), उनका बेटा और बहू नंदिनी बरनवाल (28) कार में सवार थे। शंभू के बेटे की शादी दो दिन पहले हुई थी।

सिर में कई टांके लगे: कार शंभू का बेटा चला रहा था। बेवा के पास उसे नींद की झपकी आई, जिससे कार से नियंत्रण हट गया और वह सड़क पर पलट गई। नंदिनी के माथे पर गंभीर चोट आई है और सिर में कई टांके लगे हैं। शंभू ने सीने में दर्द की शिकायत की, जबकि ज्योति भी घायल हुई हैं। सूचना मिलने पर मिहिजाम थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार के अन्य लोग भी सदर अस्पताल पहुंचे।

रामगढ़ में बाइक-कार की टक्कर, युवक जख्मी लोगों ने घायल को पहुंचाया अस्पताल



रामगढ़ (झारखंड),एजेंसी। रामगढ़ के बिजलिया में बाइक और कार की टक्कर में 18 वर्षीय अजय नायक घायल हो गए। हादसे के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। कार सवार लोग सदर अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बुलेट ने कार को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, बाइक रॉन्ग साइड से आ रही थी और टक्कर से कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने ई-रिक्शा बुलाकर अजय को अस्पताल पहुंचाया। बाद में उनके परिजन आए और बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची ले गए। अजय स्थानीय टोला बस्ती के रहने वाले हैं। उनके पिता का नाम अशोक नायक है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। रामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों गाड़ियों को कब्जे में लेकर थाने ले गई। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

सीएम हेमंत ने एमएमडीआर एक्ट के खिलाफ विधानसभा में पेश किया प्रस्ताव

रांची । झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार के माइन्स एंड मिनरल्स (डेवलपमेंट एंड रेग्युलेशन) एक्ट में नए संशोधन का विरोध करते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को उन्होंने इस संबंध में राजकीय संकल्प प्रस्ताव पेश किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि संसद में पारित नए संशोधन से झारखंड को हर साल करीब 13 हजार करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान होने की आशंका है। इससे राज्य की कई जनकल्याणकारी योजनाओं पर असर पड़ेगा। झारखंड खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है, लेकिन खनन का नुकसान यहां के स्थानीय लोगों को उठाना पड़ता है। खनन क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी, दलित और अन्य वंचित समुदायों को विस्थापन, जमीन से बेदखली, पर्यावरणीय नुकसान और सामाजिक बदलाव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में खनिज से होने वाली कमाई का एक हिस्सा इन क्षेत्रों के विकास और प्रभावित लोगों के कल्याण पर खर्च किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने खनन प्रभावित क्षेत्रों और वहां रहने वाले लोगों के विकास के लिए झारखंड मिनरल बेयरिंग लैंड सेस एक्ट, 2024 लागू किया था। इसके जरिए करीब 13 हजार करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने की व्यवस्था की गई थी, जिसका उपयोग विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए किया जा रहा है। लेकिन, केंद्र के नए संशोधन से खनिज वाली जमीन पर कर, उपकर और सेस लगाने के राज्यों के अधिकार सीमित हो गए हैं।

जॉब छोड़ शुरू की खेती, मिर्च-टमाटर से संवारा जीवन

● हर महीने कमा रहे 10 लाख, बिहार में भी डिमांड; 10 महिलाओं को दी नौकरी

चतरा,एजेंसी। झारखंड के चतरा जिले के अम्बाटांड गांव के इंजीनियर उदय कुमार ने पुणे की नौकरी छोड़कर खेती शुरू की। अब वे 5 एकड़ में मिर्च और 3 एकड़ में टमाटर उगा रहे हैं। उनकी फसल की अंतरराज्यीय बाजारों में मांग है। वे महिलाओं को रोजगार भी दे रहे हैं और नई फसलों का ट्रायल कर रहे हैं। अम्बाटांड गांव लावालौंग थाना क्षेत्र की लामटा पंचायत में है। उदय ने पॉलिटेक्निक और बीटेक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्हें पुणे की एक मल्टीनेशनल कंपनी की एसी बनाने वाली यूनिट में क्वालिटी इंजीनियर की नौकरी मिली। उनका वेतन 26 हजार रुपए महीना था।

बीएचयू से खेती का प्रशिक्षण लिया: छह महीने नौकरी करने के बाद उदय ने इस्तीफा दिया और अपने पैतृक गांव लौट आए। वे नौकरी करने के बजाय अपना काम करना चाहते थे। गांव लौटकर उन्होंने पहले यूट्यूब से खेती की जानकारी ली। बाद में बनारस स्थित बीएचयू और आईसीएआर से खेती का प्रशिक्षण लिया। पिछले साल उदय ने 3 एकड़ जमीन पर मिर्च उगाई थी। इससे उन्हें 13 लाख रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ। इस



शानदार सफलता से उत्साहित होकर उन्होंने इस बार खेती का दायरा काफी बड़ा कर दिया है।वर्तमान में वे कुल 13 एकड़ जमीन पर खेती कर रहे हैं, जिसमें 3 एकड़ उनकी खुद की जमीन है और 10 एकड़ जमीन उन्होंने 1 लाख रुपए सालाना लीज पर ले रखी है।

ड्रिप इरिगेशन तकनीक अपनाई: इस सीजन वे 5 एकड़ में मिर्च और 3 एकड़ में टमाटर की आधुनिक खेती कर रहे हैं। उन्होंने खेतों में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप इरिगेशन (टपक सिंचाई) तकनीक अपनाई है, जिसमें सरकार की ओर से 90 प्रतिशत की भारी छूट मिली।

इस तकनीक से पौधों की जड़ों तक बूंद-बूंद पानी पहुंचता है, जिससे नमी बनी रहती है, पानी की बर्बादी नहीं होती और फसल की पैदावार बेहतरीन होती है। उन्होंने खेती में वीएनआर (VNR), यूनीसेम और सिंजेंटा जैसे उन्नत किस्म के बीजों का इस्तेमाल किया है।

35 लाख रुपए तक के मुनाफे की उम्मीद: वर्तमान में बाजार में मिर्च 40 रुपए प्रति किलो बिक रही है, जिससे प्रतिदिन 400 किलो हार्वेस्टिंग के हिसाब से हर रोज 16 हजार रुपए, महीने में सिर्फ मिर्च से 5 लाख रुपए की कमाई हो रही है। वहीं, टमाटर हर तीन दिनों पर 2.5 से 3 टन (100 ट्रे) निकलता है, जो होलसेल बाजार में 20 रुपए प्रति किलो बिकता है। महीने में 10 बार टमाटर की हार्वेस्टिंग कर 5 लाख रुपए की आमदनी होती है। इस प्रकार, मिर्च और टमाटर दोनों को मिलाकर वे वर्तमान में हर महीने 10 लाख रुपए का शुद्ध मुनाफा कमा रहे हैं और इस बार उन्हें कुल 35 लाख रुपए तक के मुनाफे की उम्मीद है।

10 महिलाओं को नियमित रोजगार भी मिला

उदय की इस खेती से केवल उनकी ही तकदीर नहीं बदली, बल्कि उनके पैतृक गांव की 10 महिलाओं को नियमित रोजगार भी मिला है। ये महिलाएं रोज मिर्च की हार्वेस्टिंग और हर तीन दिन पर टमाटर तोड़ने के कार्य में जुटी रहती हैं। उनके खेत में उपजे टमाटर और मिर्च की भारी मांग बिहार और झारखंड के कई बड़े बाजारों में है। व्यापारी खुद उनके पास सब्जियां खरीदने पहुंचते हैं, जिनमें झारखंड के रांची, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, रामगढ़, पलामू, धनबाद और बिहार के औरंगाबाद, गया, सासाराम, डेहरी, पटना, समस्तीपुर जैसे बड़े शहर शामिल हैं। उदय की इस सफलता से पूरे चतरा जिले का नाम रोशन हो रहा है।

पॉलीहाउस उपलब्ध कराने की दिशा में काम

जिला कृषि पदाधिकारी गौतम कुमार ने उनकी सराहना करते हुए कहा कि विभाग उन्हें पॉलीहाउस उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है, जिस पर आने वाले 12 लाख रुपए के खर्च में 50 प्रतिशत (6 लाख रुपए) का अनुदान दिया जाएगा। उदय ने बताया कि आने वाले सीजन में शिमला मिर्च, स्ट्रॉबेरी और चेरी टमाटर का बड़े पैमाने पर लगाएंगे। उनकी यह सफलता दूसरे पढ़े-लिखे युवाओं के लिए एक मिसाल है जो रोजगार की तलाश में शहरों में भटकते हैं। इसके अलावा, मुंबई में मजदूरी करने वाले उनके पिता भी आज बेटे की इस बड़ी उपलब्धि पर बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

झारखंड में सताने लगी है सर्दी, सुबह-शाम कोहरा

2 दिनों में न्यूनतम तापमान में हो सकती है गिरावट, महीने के अंत में सामान्य रहेगा मौसम

रांची,एजेंसी। राजधानी रांची समेत झारखंड के विभिन्न जिलों में ठंड का असर धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। शुक्रवार को सुबह हल्के दर्जे का कोहरा छाया रहेगा।

इसके बाद मौसम मुख्यत साफ रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले तीन दिनों में रांची के न्यूनतम तापमान में और गिरावट आएगी। पारा 11 डिग्री तक गिरने की संभावना है। इससे रात और सुबह के समय ठंड बढ़ेगी।

बारिश की कोई संभावना नहीं: इससे सुबह और रात में ठिठुरन बढ़ने के आसार हैं। हालांकि, दिन में आसमान साफ रहने और धूप निकलने से लोगों को राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने फिलहाल राज्य में बारिश की कोई संभावना नहीं जताई है। महीने के आखिरी दिनों में मौसम सामान्य रहने का अनुमान है। राज्य में अगले 5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। राज्य में अगले 2 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में (2-3) डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले तीन दिनों में



कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

रांची में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है: मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, माह के आखिरी दिनों में राजधानी का मौसम सामान्य रहेगा। फिलहाल बारिश की संभावना नहीं है। सुबह और शाम हल्का कुहासा छाएगा, जबकि दिन में आसमान साफ रहेगा। 28 और 29 नवंबर को हल्के से मध्यम दर्जे का कुहासा रहेगा। अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम 11 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है।

पाकुड़ में अनियंत्रित कार पुल से नीचे गिरी

तीन लोग घायल, मलीपाड़ा के पास तोड़ाई नदी के पुल पर हुआ हादसा

पाकुड़,एजेंसी। पाकुड़ के मलीपाड़ा के पास पाकुड़ बड़हड़वा रोड स्थित तोड़ाईनदी पर बने पुल से एक कार नीचे गिर गई। हादसे में कार सवार तीन लोग घायल हो गए। उनका इलाज सोनाजोड़ी सदर अस्पताल में चल रहा है। घायलों की पहचान कंचन घोष, प्रमोद कुमार दास और अजीत कुमार के रूप में किया गया तीनों साहिबगंज जिला अंतर्गत कोटालपोखर थाना क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। कार साहिबगंज जिले के कोटालपोखर थाना क्षेत्र से पाकुड़ की ओर आ रही थी। शुक्रवार को कार में कंचन घोष, प्रमोद कुमार दास और अजीत कुमार सवार थे।

पुल के पास मोड़ पर चालक कार से नियंत्रण खो बैठा। कार पुल से नीचे गिरकर पलट गई। कार पलटते ही मौके पर चीख पुकार मच गई। चीख पुकार



सुनकर बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे मौजूद लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और नगर थाने को सूचना दी।

पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच कर रही है। आसपास के लोगों ने बताया कि कार तेज गति से चल रही थी और पुल के पास मोड़ है और मोड़ के कारण कार चालक कार से नियंत्रण खो बैठा और यह दुर्घटना हो गई। लोगों ने कहा कि इस सड़क पर वाहन अक्सर तेज गति से चलते हैं और पुल के पास मोड़ होने से वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं। उन्होंने तेज गति से वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की मांग की।

बाइक से सड़क पर गिरे लेखपाल, ट्रक ने रौंदा; मौत

दो बाइक की टक्कर से हादसा, चौपारण बीआरसी में थे कार्यरत; ड्राइवर फरार

हजारीबाग,एजेंसी। हजारीबाग के हुटपा के पास दो बाइक की टक्कर के बाद ट्रक की चपेट में आने से लेखपाल विष्णुनाथ रविदास की मौत हो गई। हादसा देर शाम सदर प्रखंड क्षेत्र में हुआ।

विष्णुनाथ रविदास चौपारण प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) में लेखपाल थे। उन्हें विष्णुगढ़ का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया था।

घर लौटते वक्त हुआ हादसा: वह विष्णुगढ़ में विभागीय काम निपटाने के बाद टाटीझरिया के रास्ते हजारीबाग स्थित अपने घर लौट रहे थे। हुटपा के पास उनकी मोटरसाइकिल की दूसरी बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर के बाद वह सड़क पर गिर पड़े।

पुलिस ने ट्रक लिया



कब्जे में: इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने बाद में ट्रक जब्त कर लिया। विष्णुनाथ हजारीबाग शहर के खिरगांव मोहल्ले के सिरका टोला के निवासी थे। मुफस्सिल थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगा रही है। पुलिस के मुताबिक, जांच में किसी की लापरवाही सामने आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

गोहाल में घुसा कोबरा सुरक्षित पकड़ा गया

पाकुड़ के बलियापतरा गांव में 5 गायों के बीच पहुंचा था सांप, जंगल में छोड़ा गया

पाकुड़,एजेंसी। पाकुड़ जिले के महेशपुर थाना क्षेत्र के बलियापतरा गांव में गुरुवार रात एक कोबरा सांप घर के गोहाल में घुस गया। वहां 5 गायें बंधी थीं। सांप ने किसी गाय को नुकसान नहीं पहुंचाया। गायों की आवाज सुनकर घर के मालिक देवेंद्र सिंह और उनके परिजन गोहाल पहुंचे। वहां कोबरा देखकर वे घबरा गए। शोर सुनकर आसपास के लोग भी जमा हो गए और सांप को हटाने की कोशिश की। लोगों ने वन विभाग के सर्पमित्र मोहम्मद अशरफुल शेख



को सूचना दी। वे अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पहले लोगों को वहां से हटाया, फिर सावधानी से सांप को पकड़ा। शेख ने बताया कि पकड़ा गया कोबरा करीब साढ़े चार फीट लंबा और लगभग 14 से 15 साल का था। यह सांप रात में सक्रिय रहता है और शिकार का पीछा करते हुए घर में घुसा होगा। उन्होंने बताया कि कोबरा खेतों और जंगलों में पाया जाता है। यह चूहे, मेंढक और छोटे जीव-जंतुओं का शिकार करता है। सांप के काटने पर डॉक्टर को दिखाना चाहिए।शुक्रवार को कोबरा को सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ दिया गया।

देवघर में बंद घर से सोना और नकदी चोरी

मधुपुर में छत का दरवाजा तोड़कर घुसे चोर, 14 ग्राम सोने के गहने और 6 हजार रुपए ले गए

देवघर,एजेंसी। देवघर के मधुपुर में गांधी चौक की बुलेट गली में गुरुवार की देर रात बंद घर से 14 ग्राम सोने के गहने और 6 हजार रुपए चोरी हो गए। चोर छत का दरवाजा तोड़कर घर में घुसे। सोने की कीमत करीब 2 लाख रुपए बताई गई है। यह घर बिहार मेडिकल हॉल के संचालक अरिंदम दत्ता का है। गृहस्वामी अमरेश दत्ता ने बताया कि वे परिवार के साथ शादी समारोह में गए थे। लौटने पर घर का सामान बिखरा मिला। जांच में पता चला कि चोर छत का गेट तोड़कर घर में दाखिल हुए थे। कमरे में रखे पर्स से 6 हजार रुपए और अलमारी तोड़कर करीब 14 ग्राम सोने के गहने ले गए। सूचना मिलने पर मधुपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घर का निरीक्षण किया। पुलिस ने चोरी से जुड़े सुराग जुटाने की कोशिश की। अज्ञात चोरों की पहचान और घटना की जांच की जा रही है।

एफआरओ और एसीएफ परीक्षा में बड़ी गड़बड़ी का खुलासा

रातू रोड के मकान में नकल का खेल, एआई-किताबों से लिखवाए गए थे उत्तर

रांची,एजेंसी। झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर (एफआरओ) और सहायक वन संरक्षक (एसीएफ) परीक्षा में हुई धांधली की जांच कर रही सीआईडी के हाथ बेहद चौंकाने वाले सबूत लगे हैं। जांच में यह बात सामने आई है कि मुख्य परीक्षा खत्म होने के बाद अभ्यर्थियों को रातू रोड स्थित एक मकान में ले जाकर रात भर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और किताबों की मदद से उत्तर पुस्तिकाएं लिखवाई गई थीं।

सीआईडी के समक्ष दर्ज बयान में आरोपी अभ्यर्थी पंकज प्रसून ने कथित तौर पर पूरी साजिश से पर्दा उठाया है। उसने स्वीकार किया है कि प्रारंभिक परीक्षा पास कराने के लिए उसने अपने चचेरे भाई और सह-आरोपी संजीत कुमार के कहने पर अपना आवेदन और एडमिट कार्ड सौंपा था। इसके एवज में 5 लाख रुपए नकद दिए गए थे। सह-आरोपी संजीत कुमार ने भी अपने बयान में पंकज का नाम उन अभ्यर्थियों की सूची में शामिल बताया है, जिनके चयन का ठेका बिचौलिए रवि शंकर कुमार उर्फ रवि मास्टर, धर्मेंद्र कुमार और उनके सिंडिकेट ने लिया था।

तकनीकी साक्ष्यों से खुली पोल: 25 घंटे बंद



रहा मोबाइल फोन...इसी दौरान लिखवाए उत्तर: 16 सितंबर 2026 के रिमांड आदेश और सीआईडी की तकनीकी जांच में कई अहम कड़ियां जुड़ी हैं। पंकज प्रसून, संजीत कुमार और मुख्य बिचौलिए रविशंकर के बीच लगातार टेलीफोनिक संपर्क होने के प्रमाण मिले हैं। संजीत द्वारा दी गई अभ्यर्थियों की सूची में भी पंकज का नाम दर्ज था। तकनीकी जांच से पुष्टि हुई है कि 11 फरवरी 2026 को दोपहर 3:58 बजे से लेकर अगले दिन 12 फरवरी को शाम 5:32 बजे तक (करीब साढ़े 25 घंटे) पंकज का मोबाइल फोन बंद रहा। इसी अवधि के दौरान उत्तर पुस्तिकाएं लिखे जाने का आरोप है। गिरफ्तारी से पहले साक्ष्य छिपाने की नीयत से पंकज ने अपने मोबाइल से वॉट्सएप चैट भी डिलीट कर दिए थे। फिलहाल सीआईडी इस पूरे सिंडिकेट के वित्तीय लेन-देन और जेपीएससी से जब्त किए गए परीक्षा-संबंधी मूल दस्तावेजों का मिलान कर रही है, ताकि इस खेल में शामिल आयोग के भीतर के लोगों और अन्य सफेदपोशों पर शिकंजा कसा जा सके।

एफआरओ मुख्य परीक्षा के तुरंत बाद 14 लोगों से रातभर भरवाई गई कॉपी: सीआईडी की जांच के अनुसार, 11 फरवरी 2026 को एफआरओ मुख्य परीक्षा समाप्त होने के तुरंत बाद पंकज प्रसून, ऋतिक रोशन और करीब 12 अन्य अभ्यर्थियों को रांची के रातू रोड पार्क के पास स्थित एक मकान में ले जाया गया। आरोप है कि उस मकान में अभ्यर्थियों को ऐसी उत्तर पुस्तिकाएं दी गईं, जिनके कवर पेज (जिन पर अभ्यर्थी का नाम व रोल नंबर दर्ज होता है) पहले से गायब थे। वहां मौजूद गिरोह के सदस्यों ने किताबों और एआई जनित सामग्री की मदद से रात भर जागकर सामान्य अध्ययन (जीएस) तथा वैकल्पिक प्रश्नपत्र-1 और 2 के उत्तर लिखवाए।

बच्चे की मौत, परिजनों ने किया सड़क जाम

परिजनों ने ANM पर गलत टीका देने का लगाया आरोप, कोडरमा-गिरिडीह मेन रोड पर प्रदर्शन



कोडरमा,एजेंसी। कोडरमा जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के माथाडीह वार्ड नंबर 03 में 36 दिन के नवजात की मौत हो गई। परिजनों ने आंगनबाड़ी की एएनएम रिंकी देवी पर गलत टीका लगाने का आरोप लगाया है। परिजनों के मुताबिक, गुरुवार को माथाडीह के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को टीके लगाए जा रहे थे। नवजात की मां रूपा देवी को भी बच्चे के साथ वहां बुलाया गया था। परिवार का कहना है कि उन्होंने टीका लगाने से मना किया था, क्योंकि बच्चे को टीका देने का समय नहीं हुआ था। इसके बावजूद बच्चे को चार टीके लगाए गए। परिजनों का आरोप है कि 45 दिन में लगने वाला टीका बच्चे को 36 दिन की उम्र में दिया गया। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और शुक्रवार तड़के उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान पप्पू कुमार के 36 दिन के बेटे के रूप में हुई है। घटना के बाद लोगों ने शव सड़क पर रखकर शहीद चौक पर कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग जाम कर दिया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

भारत में पाकिस्तानी वेब सीरीज पर बैन, नेटफ्लिक्स को केंद्र की सख्त चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स को पाकिस्तान में निर्मित किसी भी सामग्री की भारत में स्ट्रीमिंग न करने का सख्त निर्देश दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय का यह कदम पाकिस्तान स्थित वेब सीरीज जो बचे हैं संग समेट लो की भारत में संभावित रिलीज को लेकर उठे विवाद के बाद आया है। केंद्रीय मंत्रालय ने नेटफ्लिक्स से कहा है कि वह अपने पहले जारी किए गए आदेशों और स्वयं के वादों का सम्मान करे, जिसके तहत भारत में पाकिस्तानी कंटेंट की उपलब्धता प्रतिबंधित है। केंद्रीय मंत्रालय ने नेटफ्लिक्स को पिछले साल जून में किए गए उसके अपने वादे की याद दिलाई है। उस समय स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने मंत्रालय को यह सुनिश्चित किया था कि भारत में उसके सब्सक्राइबर्स के लिए पाकिस्तान से जुड़ी कोई भी फिल्म या वेब सीरीज उपलब्ध नहीं होगी। नेटफ्लिक्स ने तब स्पष्ट रूप से बताया था कि उसकी लाइब्रेरी में भारत के लिए कोई भी पाकिस्तानी कंटेंट मौजूद नहीं है, और मंत्रालय ने अब उसी रुख पर कायम रहने को कहा है।

यह ताजा निर्देश कई शिकायतों और ज्ञापनों के बाद आया है, जिसमें जो बचे हैं संग समेट लो नामक पाकिस्तानी वेब सीरीज की भारत में संभावित रिलीज को लेकर कड़ी आपत्ति जाहिर की गई थी। मंत्रालय ने नेटफ्लिक्स से कहा है कि वह पहले स्पष्ट किए गए अपने रुख पर कायम रहे और यह सुनिश्चित करे कि पाकिस्तान में बनी कोई भी सामग्री भारतीय दर्शकों के लिए स्ट्रीम न हो सके।

बिहार में स्वास्थ्य विभाग का कड़ा एक्शन : 11 डॉक्टर बर्खास्त

पटना, एजेंसी। बिहार के स्वास्थ्य विभाग ने लंबे समय से ड्यूटी से नदारद 11 डॉक्टरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर उन्हें सरकारी सेवा से बर्खास्त किया है। कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही और अनुशासनहीनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री कुमार ने कहा कि डॉक्टर का पेशा सिर्फ नौकरी नहीं, बल्कि मानव सेवा का एक पवित्र संकल्प है। इसतरह के लंबे समय तक अपने कर्तव्यों से विमुख रहना एक गंभीर मामला है। उन्होंने प्रदेश के सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों से पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाने की अपील की। इस कार्रवाई के जरिए बिहार सरकार ने यह साफ संदेश दिया है कि आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिहार सरकार का मानना है कि इसके लिए स्वास्थ्य विभाग में जवाबदेही और अनुशासन अत्यंत आवश्यक है। इस कदम से स्पष्ट है कि सरकारी अस्पतालों में ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त से सख्त कदम उठाए जाएंगे।

तिरुपति बालाजी को अज्ञात भक्त ने दिया 121 किलो सोने का महादान

तिरुपति, एजेंसी। आंध्र प्रदेश के तिरुपति स्थित भगवान वेंकटेश्वर मंदिर फिर चर्चा का विषय बन गया है। एक अज्ञात भक्त ने मंदिर को 121 किलोग्राम सोने के आभूषण दान किए हैं, जिसकी अनुमानित कीमत 160 करोड़ रुपये है। यह मंदिर के इतिहास में किसी एक श्रद्धालु द्वारा दिया गया अब तक का सबसे बड़ा व्यक्तिगत दान माना जा रहा है, जिसने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ट्रस्ट द्वारा इन अद्भुत आभूषणों को रंगनायकुल मंडपम में प्रदर्शित किया गया। जानकारी के अनुसार, इन आभूषणों को मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की मौजूदगी में टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) को सौंपा गया। इन 121 किलोग्राम सोने में कुल 45 आभूषण शामिल हैं, जिन्हें नौ अलग-अलग सेटों में व्यवस्थित किया गया है। ये आभूषण विशेष रूप से भगवान श्री वेंकटेश्वर को सिर से पैर तक सजाने के लिए तैयार किए गए हैं। आंध सरकार और टीटीडी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि दानकर्ता ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के साथ सभी आवश्यक विचार-विमर्श पूरे कर लिए थे और मंदिर परिसर में ही प्रशासन को यह बहुमूल्य चढ़ावा सौंपा गया। इस असाधारण दान ने देशभर में भक्ति और उदारता की नई मिसाल कायम की है।

मोगा रैली: केजरीवाल ने मान के नाम पर मांगे वोट, कांग्रेस-बीजेपी पर साधा निशाना

मोगा, एजेंसी। पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले, आम आदमी पार्टी (आप) ने मोगा में अपने स्थापना दिवस पर खुशहाल पंजाब-महारैली का आयोजन किया। इस दौरान आप संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के नाम पर वोट मांगे और कांग्रेस व भाजपा दोनों पर तीखा हमला बोला। मुख्यमंत्री मान ने अकाली दल और भाजपा के गठबंधन को कृषि सुधार कानूनों को वापस लाने की शर्त पर हुआ बताया।

केजरीवाल ने पंजाब के मतदाताओं को आगाह किया कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है, तब मुफ्त बिजली और महिलाओं को मिलने वाले एक हजार रुपये प्रति माह जैसी योजनाएं बंद हो जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इन्हें फ्री की रेवड़ी कहने का जिक्र कर कहा कि दिल्ली में भी केंद्र ने उनकी सरकारी स्कीमें बंद की थीं। उन्होंने लोगों से मान को दोबारा मुख्यमंत्री बनाने की अपील की ताकि ये योजनाएं जारी रह सकें। एक हजार रुपये की योजना में देरी पर उन्होंने पिछली सरकारों पर खजाना खाली करने का आरोप लगाया। रैली के दौरान, केजरीवाल ने सीएम मान के साथ मिलकर नए लाभार्थियों को राशन कार्ड भी वितरित किए, जिसके तहत दस लाख नए लोगों को कार्ड दिए जा रहे हैं।

सीएम मान ने अपने संबोधन में कांग्रेस की आंतरिक कलह पर निशाना साधकर कहा कि वहां 6-7 मुख्यमंत्री उम्मीदवार हैं और उनमें रोज लड़ाई होती है। उन्होंने परगट सिंह के गोल करने के उदाहरण से कांग्रेस की आपसी खींचतान को उजागर किया। केजरीवाल ने अपनी सरकार की



उपलब्धियां गिनाकर दावा किया कि उन्होंने 77 हजार युवाओं को नौकरियां दी हैं और एक भी व्यक्ति यह नहीं कह सकता कि उसने नौकरी के लिए पैसे दिए हैं। उन्होंने पिछली सरकारों में रिश्वतखोरी के तौर-तरीकों, जैसे अटैची तौलकर पैसे लेने का जिक्र किया।

आप के स्थापना दिवस पर केजरीवाल का संकल्प: न पार्टी डरेगी और न ही तय लक्ष्यों से पीछे हटेगी

नई दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों को बधाई देकर देश के लिए बड़े संकल्प का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी न डरेगी और न ही अपने लक्ष्यों से पीछे हटेगी, क्योंकि देश के लिए अभी बहुत काम करना बाकी है। केजरीवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में पार्टी के अब तक के सफर पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे 2012 में पार्टी की स्थापना के समय कई सवाल उठे थे, कि क्या यह कुछ कर पाएगी, कितने दिन टिकेगी, और इन लोगों को राजनीति की क्या समझ है। हालांकि, केजरीवाल ने गर्व से कहा कि पार्टी न केवल टिकी रही, बल्कि उसने पूरे देश के लोगों का भरोसा और समर्थन भी जीता। उन्होंने पार्टी की सफलताओं का जिक्र कर कहा कि आप ने दिल्ली और पंजाब जैसे राज्यों में अपनी सरकारें बनाई हैं। इसके अलावा, जम्मू-कश्मीर, गोवा और गुजरात सहित अन्य कई राज्यों में भी पार्टी को लोगों का विश्वास और प्यार मिला है। केजरीवाल ने जोर दिया कि आप ने काम की राजनीति पर ध्यान केंद्रित किया, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत मुद्दों पर बात की, और यह राजनीति से प्रभावित नहीं हुई बल्कि उसने खुद राजनीति को बदल दिया। अपने संदेश में, उन्होंने भविष्य की योजनाओं और पार्टी के अटल निश्चय को दोहराया। केजरीवाल ने लिखा, अभी बहुत कुछ करना है। देश के लिए बहुत काम करना है। उन्होंने आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ भी दीं। गौरतलब है कि आप की स्थापना 26 नवंबर, 2012 को अरविंद केजरीवाल द्वारा की गई थी। यह पार्टी 2011 में यूपीए सरकार के दौरान सामने आए भ्रष्टाचार के मामलों के खिलाफ हुए इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन से निकली थी। केजरीवाल ने पार्टी शुरू करने के लिए 26 नवंबर की तारीख इसलिए चुनी, क्योंकि इसी दिन 1949 में भारत के संविधान को अपनाया गया था।

माकपा नेता के भड़काऊ भाषण की होगी पुलिस जांच: गृह मंत्री

पय्यान्नूर, एजेंसी। केरलम के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने घोषणा की कि पुलिस मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता और पूर्व विधायक टी.आई. मधुसूदनन के भाषण की गहन जांच करेगी। मधुसूदनन ने सोशल मीडिया पर पार्टी की आलोचना करने वालों को खुलेआम चेतावनी दी थी कि पार्टी उनसे हिसाब चुकता करेगी और इसके गंभीर परिणाम भुगतना होगा। गृह मंत्री चेन्निथला ने कहा कि गृह विभाग इन टिप्पणियों को अत्यंत गंभीरता से ले रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी निर्वाचित जनप्रतिनिधि रह चुके व्यक्ति के लिए इस तरह के धमकी भरे भाषण देना अनुचित है। उन्होंने चेतावनी दी कि राज्य सरकार ऐसी हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगी और न ही पुलिस ऐसा होने देगी। पुलिस जांच के लिए भाषण का पूरा पाठ जुटा रही है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के.मुरलीधरन ने भी मधुसूदनन के बयानों पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केरलम की मौजूदा सरकार हिंसा की धमकी देने वाले भाषणों पर चुप नहीं बैठेगी और ऐसी हरकतों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुरलीधरन ने चेतावनी दी कि जेन जी के दौर में इस तरह के भाषणों से कोई फायदा नहीं होगा, बल्कि यह वामपंथी पार्टी के पतन का कारण बन सकते है। स्वास्थ्य मंत्री मुरलीधरन ने माकपा नेताओं द्वारा हाल ही में आए सी.वी.धनराज हत्याकांड के फैसले पर सवाल उठाने और न्यायाधीशों पर टिप्पणी करने को अस्वीकार्य बताया। उन्होंने अदालतों के सम्मान पर जोर देकर अरियिल शुकूर हत्याकांड का उदाहरण दिया, जहां कांग्रेस और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) भी फैसले से असंतुष्ट थे, लेकिन उन्होंने न्यायाधीशों के खिलाफ कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की। उन्होंने स्वीकार किया कि दोनों ही मामलों में अभियोजन पक्ष की ओर से चूक हुई है। मधुसूदनन ने पय्यान्नूर में एक डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) कार्यक्रम में ये धमकी भरे बयान दिए थे, जो धनराज हत्याकांड के फैसले के बाद आयोजित किया गया था। आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर पार्टी की आलोचना करने वालों को चेताया था कि पार्टी उनसे हिसाब चुकता करेगी और पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि पार्टी का अपमान करने वालों को शायद पहले ही उनके किए की सजा मिल चुकी है और जो लोग लड़ाई को सड़कों पर ले जाएंगे, उन्हें इसके गंभीर परिणाम भुगतना होगा। गृहमंत्री चेन्निथला ने कहा कि नेताओं और पूर्व विधायकों को अशांति भड़काने के बजाय शांति बनाए रखने तथा हत्याओं और हिंसा को रोकने के लिए काम करना चाहिए।

मंच से खरगे की इमरान मसूद को नसीहत... बातों से ज्यादा काम पर ध्यान केंद्रित करें

यूपी में गठबंधन की सरकार लानी है और मोदी-योगी को हराना

लखनऊ, एजेंसी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लखनऊ में पार्टी नेताओं को गठबंधन के खिलाफ बयानबाजी से बचने की नसीहत दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गठबंधन की सरकार लानी है और मोदी-योगी को हराना है, क्योंकि अंदरूनी झगड़े जीत को मुश्किल बनाते हैं।

कांग्रेस नेता खड़गे ने इस दौरान पार्टी नेता और सांसद इमरान मसूद के जोश की सराहना की, लेकिन साथ ही उन्हें गठबंधन धर्म निभाने और केवल बातों से ज्यादा काम पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर काम करना होगा तभी पार्टी आगे बढ़ेगी। लोकसभा चुनाव का जिक्र कर कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने दावा किया कि अजय राय ने प्रधानमंत्री मोदी से टक्कर ली थी और वह थोड़े से चूक गए,



नहीं तब मौजूदा प्रधानमंत्री गुजरात जाकर बैठते।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगेसंविधान बचाओ मार्च में शामिल होने लखनऊ पहुंचे थे, हालांकि लखनऊ प्रशासन ने मार्च की अनुमति नहीं दी थी। खड़गे के जाने के बाद कार्यकर्ताओं ने मार्च निकाला, लेकिन पार्टी कार्यालय से करीब 150 मीटर आगे बढ़ने पर पुलिस ने उन्हें रोक दिया। पुलिस ने पहले से ही थ्री-लेयर बैरिकेडिंग लगा रखी थी। लगभग 40 मिनट तक कांग्रेसियों ने आगे बढ़ने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो पाए। इसके बाद पुलिस ने मार्च में शामिल प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष इमरान मसूद सहित कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। उन्हें इको गार्डन ले जाकर बाद में छोड़ दिया गया।

इस घटना पर प्रतिक्रिया देकर कांग्रेस नेता अजय राय ने योगी सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस के दिन सरकार संविधान को कुचलने का काम कर रही है, जो दर्शाता है कि ये लोग संविधान को मानने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता संविधान बचाने के लिए सड़क पर उतरा है। कांग्रेस नेता राय ने ओवैसी और चंद्रशेखर की रैलियों को भारतीय जनता पार्टी प्रायोजित बताया।

सौरव दास की विदेश यात्रा पर रोक: दिल्ली हाईकोर्ट में बोला केंद्र, उनके खिलाफ एलओसी जारी

नई दिल्ली,एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट में गुरुवार 26 नवबंर को सीजेपी के सह-संयोजक सौरव दास की याचिका पर सुनवाई हुई, जिन्हें ब्रिटेन जाने से रोक दिया गया था। केंद्र ने दिल्ली की अदालत को बताया कि मुंबई पुलिस ने 23 नवंबर को उनके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया था, इस कारण उन्हें विदेश जाने से रोका गया। सौरव दास को 24 नवंबर को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ब्रिटेन जाना था, जहां उन्हें कॉकरोच मूवमेंट विषय पर बोलना था। अपनी याचिका में दास ने आरोप लगाया है कि 23 नवंबर की रात लंदन जाने वाली फ्लाइट में सवार होने से ठीक पहले उन्हें दिल्ली एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन काउंटर पर रोक दिया गया था। इस रोक को उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला, अब पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर चेतावनी लेबल लगाना जरुरी

बेंच ने कहा- नमक, कुल शुगर और सैचुरेटेड फैट की सीमा नए सिरे से तय की जाए

नई दिल्ली, एजेंसी। पैकेटबंद खाद्य पदार्थों में नमक, चीनी और सैचुरेटेड फैट की ज्यादा मात्रा को लेकर अब ग्राहकों को पैकेट पर ही चेतावनी दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से चेतावनी लेबल के नियम तैयार करने को कहा है। कोर्ट ने साफ किया है कि खाद्य पदार्थों में मौजूद कुल शुगर और सैचुरेटेड फैट को चेतावनी के लिए आधार बनाया जाए, न कि सिर्फ अलग से मिलाई गई चीनी और फैट को। जस्टिस जेबी पारडीवाला और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि नमक, कुल शुगर और सैचुरेटेड फैट की अधिकतम सीमा नए सिरे से तय की जाए। चेतावनी के लिए तय सीमा न तो इतनी कम हो कि हर खाद्य पदार्थ के पैकेट पर चेतावनी छपने लगे और न ही इतनी ज्यादा कि स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह मात्रा भी इसके दायरे से बाहर रह जाए।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट ने निर्देश दिया कि पैकेट के मुख्य हिस्से पर तीन अलग-अलग षट्कोण (हेक्सागोन) बनाए जाएं। इनमें क्रमशः हाई फैट, हाई शुगर और हाई साल्ट लिखा हो। हर हेक्सागोन पैकेट के मुख्य डिस्प्ले क्षेत्र का कम से कम 4 से 5 फीसदी हिस्सा घेरे। इसके भीतर लिखे शब्दों का फॉन्ट इतना बड़ा और स्पष्ट हो कि ग्राहक आसानी से पढ़ सकें। बेंच ने बच्चों और आम लोगों को पैकेटबंद खाद्य पदार्थों में मौजूद पोषक तत्वों और उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के प्रति जागरूक करने की जरूरत पर भी जोर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने एफएसएसएआई को इन निर्देशों के आधार पर ड्राफ्ट नियम तैयार करने और संबंधित पक्षों से सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित करने को कहा है, साथ ही नियमों को जल्द से जल्द अंतिम रूप देकर अधिसूचित करने का भी निर्देश दिया। मामले में 10 सप्ताह बाद अगली सुनवाई होगी। उस



दिन कोर्ट इस बात की जानकारी लेगा कि ड्राफ्ट नियम तैयार हो गए हैं या नहीं।

बता दें यह मामला फ्रंट ऑफ पैकेट वार्निंग लेबल लागू करने से जुड़ा है। एक संस्था ने याचिका दाखिल कर पैकेटबंद खाद्य पदार्थों में नमक, चीनी और फैट की अधिक मात्रा के बारे में ग्राहकों को स्पष्ट चेतावनी देने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस व्यवस्था को लागू करने में ढिलाई पर पहले भी एफएसएसएआई को कड़ी फटकार लगाई थी।

संविधान पर प्रहार, भारत अब देगा मुंहतोड़ जवाब : देवेंद्र फडणवीस

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 26/11 मुंबई आतंकी हमलों को संविधान पर प्रहार बताकर कहा कि भारत अब अपने सैनिकों या नागरिकों पर हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा, बल्कि जिम्मेदार लोगों को मुंहतोड़ जवाब देगा। गेटवे ऑफ इंडिया पर आयोजित कार्यक्रम में 2008 के हमलों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देकर सीएम फडणवीस ने कहा कि आतंकवादियों ने जानबूझकर इसरतह के स्थानों को निशाना बनाया था जहां विदेशी नागरिक और राजनयिक समुदाय के सदस्य अक्सर आते-जाते थे, उनका मकसद अधिक से अधिक लोगों को मारना और दुनिया को यह संदेश देना था कि भारत पर हमला किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह हमला केवल मुंबई पर ही नहीं, बल्कि भारत के संविधान पर भी था।

मुख्यमंत्री ने आतंकवादियों से मुकाबला करने वाले पुलिसकर्मियों की बहादुरी को याद कर विशेष रूप से तुकाराम ओंबले को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने कई गोलियां लगने के बावजूद पाकिस्तानी आतंकवादी अजमल कसाब को



जीवित पकड़ा था। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों हेमंत करकरे, अशोक कामटे, विजय सालस्कर और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के मेजर संदीप उन्नीकृष्णन सहित जान गंवाने वाले सभी शहीदों को नमन किया। सीएम फडणवीस ने बताया कि 26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान से समुद्र के रास्ते आए लश्कर-ए-तैयबा के 10 भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के इन हमलों में विदेशियों सहित 166 लोगों की मौत हुई थी। कसाब की गिरफ्तारी से अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने हमलों में पाकिस्तान की संलिप्तता उजागर हुई और यह साबित हुआ कि यह हमला पाकिस्तान प्रायोजित था।

सीएम फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नये भारत ने आतंकवादी हमलों का जवाब देने का साहस दिखाया है। उन्होंने 2016 के उरी और पहलगाम हमलों के जवाब में भारत की कार्रवाई का जिक्र कर कहा कि भारत अपने सैनिकों या नागरिकों पर किसी भी हमले को बर्दाश्त नहीं करेगा और पाकिस्तान में घुसकर इसतरह के हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को करारा जवाब देगा। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि बीते 12 वर्षों में मुंबई और देश में आतंकी घटनाओं को पूरी तरह से समाप्त किया गया है, साथ ही इसतरह के हमलों को अंजाम देने के प्रयासों को विफल किया गया है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने मुंबई की अदम्य भावना को सलाम कर आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहने के संकल्प को दोहराया और पुलिसकर्मियों के कल्याण के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

शरद पवार फिर अस्पताल में भर्ती, बाबा को डिहाइड्रेशन हुआ

- बेटी सुप्रिया सुले ने दी जानकारी

मुंबई, एजेंसी। एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार की तबीयत गुरुवार को फिर बिगड़ गई है, जिसके चलते उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती किया गया है। इसकी जानकारी उनकी बेटी और पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने दी। 85 वर्षीय पवार की तबीयत खराब होने की खबर मिलते ही सुप्रिया अपनी अहम बैठक छोड़कर अस्पताल के लिए रवाना हो गईं। सुप्रिया सुले ने बताया कि बाबा को डिहाइड्रेशन हुआ है। उन्होंने लिखा कि पवार को अब आराम करने और कम यात्रा करने की जरुरत है, लेकिन वे अपने काम से प्यार करते हैं और सुनते नहीं हैं। सुप्रिया ने अपने शुभचिंतकों का आभार जाहिर किया। सुप्रिया ने गुरुवार को ही एनसीपी (एसपी) नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई थी, जिसमें पार्टी में चल रहे विवाद पर खास चर्चा होनी थी।

मुजफ्फरनगर दंगों के लिए अखिलेश-आजम जिम्मेदार: संगीत सोम

भाजपा 300 से अधिक सीटों के साथ सरकार बनाएगी

शामिली, एजेंसी। भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और पूर्व मंत्री आजम खान पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने मुजफ्फरनगर दंगों के लिए तत्कालीन अखिलेश सरकार और आजम को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराते हुए गंभीर आरोप लगाए।

पूर्व विधायक सोम ने आरोप लगाया कि दंगों के दौरान अखिलेश सैफई में कार्यक्रम देख रहे थे, जबकि आजम थानों से आरोपितों को छुड़वाने में लगे थे। उन्होंने कहा कि इस हिंसा में निर्दोष लोगों की जान गई और तत्कालीन सरकार ने मरने वालों के वास्तविक आंकड़े छिपाए, जिसका खामियाजा हिंदू परिवारों को भुगतना पड़ा।

आजम पर जौहर यूनिवर्सिटी के निर्माण के लिए हजारों करोड़ रुपये के स्रोत पर सवाल उठाकर सोम ने आतंकवाद का अड्डा बनाने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने अखिलेश और समाजवादी पार्टी पर माफिया के साथ होने और तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। पूर्व विधायक सोम ने कहा कि उन्हें इसतरह के मुस्लिम पसंद हैं



जो भारत में रहकर वंदेमातरम और जय हिंद बोलते हैं, देशविरोधी गतिविधियों का समर्थन करने वालों को भारत में जगह नहीं मिलनी चाहिए।

अखिलेश पर ब्राह्मणों, जाटों और राजपूत समाज के खिलाफ टिप्पणी करने का आरोप लगाकर सोम ने कहा कि वोट बैंक टोपी पहनने से नहीं बनता। आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत का दावा कर उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता मुजफ्फरनगर जैसे दंगे फिर नहीं देखना चाहती और अखिलेश सरकार की वापसी से ऐसी आशंकाएं बढ़ेंगी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा 300 से अधिक सीटों के साथ सरकार बनाएगी।

BRIFF NEWS

No content from Pakistan to be shown in India, government reminds Netflix



New Delhi, Agency: Netflix's first original Pakistani series has run into a diplomatic and regulatory hurdle in India even before its global premiere. The ministry of information and broadcasting on Thursday asked the streaming giant to ensure that no content originating in Pakistan is made available to Indian subscribers, following complaints over the possible release of its star-studded romantic drama, Jo Bachay Hain Sang Samait Lo.

Scheduled for release on December 4, the series features Fawad Khan, Mahira Khan, Sanam Saeed and Hania Aamir, actors familiar to Indian audiences. Netflix has not clarified whether India is among the markets where the series will be streamed.

The ministry's intervention comes 18 months after government, amid Operation Sindoor, issued an advisory on May 8, 2025, asking digital platforms to discontinue Pakistani-origin films, series, songs, podcasts and other content on national security grounds.

Officials said Netflix had informed the ministry in June 2025 that no Pakistani-origin film or series was available to its Indian subscribers. The ministry has now asked it to honour that commitment. When Media reached out to Netflix, the platform said it had no comment.

Delhi high court nixes order to cancel NGO's FCRA licence



New Delhi, Agency: Taking a dim view of the home ministry's reluctance to share even with the court the inputs that led it to cancel the FCRA licence of an NGO engaged in legal aid, Delhi high court on Thursday set aside the decision. HC said the move to cancel the licence of NGO Socio Legal Information Centre (SLIC) based solely on the allegation that it has indulged in "aggressive anti-government political activism" was without any material.

HC said no material was furnished by government to show that SLIC's activities would likely prejudicially affect the sovereignty, integrity or security of India or the public interest.

While government contends that the violations on the appellant's NGO's part were brought to its notice through 'security inputs', which cannot be divulged since they are 'secret'; this court is of the view that such inputs cannot be kept secret to the point that no material is brought even to the notice of this court, though the appellant has faced the drastic action of having its FCRA registration cancelled, arising from such inputs," Justice AJ Bhambhani of Delhi HC said. "The respondent's (Centre) allegation that the appellant has indulged in 'aggressive anti-government political activism' is also not based on any material.

Supreme Court to banks: Give nod to try officials in 7 days

New Delhi, Agency: The Supreme Court has read out the riot act and asked HDFC Bank, ICICI Bank, Sammaan Capital and PNB Home Finance to grant unconditional sanction within a week to prosecute their bank officials, who are charged by CBI for colluding with builders in the alleged duping of homebuyers under the subvention schemes, or remain present in court to explain the lapse.

Additional solicitor general Aishwarya Bhati said CBI, as directed by the SC, had inquired into 55 cases pan-India and has filed chargesheets in 22 cases, closed 3 cases and expects to complete the probe into the rest in three months.

Once sanction is granted, courts will expeditiously take cognisance of CBI chargesheets, start trial: SC

Bhati informed a bench of CJI Surya Kant, Justice Joymalay Bagchi and V Mohana that in the 22 cases, HDFC, ICICI, Samman and PNB have granted conditional sanction for prosecution, which is creating doubts in the minds of trial courts in taking cognisance of the chargesheet and proceeding with framing of charges.

When senior advocate Sanjiv Sen, appearing for HDFC, said that sanction has been granted but there are certain rulings of the constitutional courts that flag the issue of whether private bank officials are



public servants requiring sanction for prosecution. Moreover, the officials charged have been exonerated of wrongdoing in the internal inquiry, Sen said.

The CJI-led bench said what else but exoneration of officials is expected in internal inquiries by banks, which had hobnobbed with rogue builders and cheated the homebuyers by releasing large sums of loan instalments to the builders even when there was hardly any progress in the construction of housing projects. When Sen protested against grant of sanction citing a judgment, the bench differentiated and said this is a court-monitored investigation, and hence SC can direct the banks to grant unconditional sanction for prosecution of delinquent officials.

The bench said, "We direct all banks to issue unconditional sanction for prosecution within a week, failing which their CMDs shall remain present in court to explain why action should not be taken against them."

The bench said once the sanction is granted, the trial courts will expeditiously take cognisance of CBI chargesheets and begin trial as per law. It also directed CBI to conclude investigations into the remaining cases expeditiously and not later than two months.

On Aug 6, SC said that in court-monitored investigations, sanction for prosecution should be granted promptly and directed the banks to give necessary permissions within two weeks for prosecution of the accused bank officials. "Failure to accord sanction within two weeks would require banks to submit explanations to the court," it had said and asked the CBI to share documents on the money trail with the ED to kick off an inquiry under the Prevention of Money Laundering Act.

Centre turns up heat on Zakir Naik: States, UTs get sweeping powers under UAPA to act against banned IRF

New Delhi, Agency: The Centre has expanded its crackdown on Zakir Naik's Islamic Research Foundation (IRF), empowering state governments and Union Territory administrations to freeze funds and restrict access to properties linked to the organisation. The move comes days after the home ministry extended a five-year ban on the IRF

According to a notification issued on Thursday, the Centre has delegated these powers to states and UTs under Section 42 of the Unlawful Activities (Prevention) Act (UAPA).

"The Central Government hereby



directs that all powers exercisable by it under sections 7 and 8 of the UAPA shall also be exercised by the state governments and the Union territory administrations in relation to the above said unlawful association," the notification said.

The notification also refers to the Centre's November 13 declaration of the IRF as an unlawful association under the UAPA. "In exercise of the powers conferred by subsections (1) and (3) of section 3 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (37 of 1967), the Central Government has declared the Islamic Research Foundation (IRF), as an unlawful association vide notification number, S.O. 6182(E), dated the 13th November"

Section 7 of the UAPA empowers the government to prohibit the use of funds belonging to an association declared unlawful. It allows authorities to issue a written order barring anyone holding money, securities or credits being used, or intended to be used, for the association from paying, transferring or otherwise dealing with them without the government's written permission.

A government-appointed gazetted officer can also be authorised to inspect the person's premises, examine records and investigate financial transactions suspected to be linked to the unlawful association. Section 8, meanwhile, empowers the government to notify any place, including a house, building or part of it, a tent or a vessel, that it believes is being used for the purposes of an unlawful association.

Opposition worried, feels government won't risk another defeat



New Delhi, Agency: Despite repeatedly expressing apprehensions about a "sinister plan" behind the Modi government not proroguing the monsoon session for 106 days, the opposition was Thursday surprised by the BJP's convening of the Parliament session, with the delimitation bill as the likely agenda. INDIA bloc is likely to meet Sunday to take stock of the situation.

There is uncertainty in the opposition about the numbers game given the buzz around NCP-SP that has made equivocal statements in recent days. DMK's stance is also being watched with wariness, though it was against the bill in the past. There is a feeling that government will not risk a loss of face on the bill again, and the convening of Parliament has raised concerns. The fate of the contentious legislation that would take the strength of LS to around 850 seats would depend on these two regional parties, strategists said.

Colombo Security Conclave reaffirms commitment to promote regional peace

New Delhi, Agency: The 8th NSA-level meeting of the Colombo Security Conclave in the Maldives reaffirmed the "collective commitment" of member states to promote regional peace and security through sustained cooperation, calling for strengthening collaboration across the five pillars of cooperation, particularly through training, sharing best practices and capacity-building initiatives.

The five pillars of CSC cooperation are maritime safety and security, countering terrorism and radicalisation, combating trafficking and transnational organised crime, cyber security and protection of critical infrastructure and technology, and humanitarian assistance and disaster relief. Member-states including



Maldives, India, Mauritius and Sri Lanka also adopted the Roadmap of Cooperation for 2026-27, setting out key deliverables and planned activities under the pillars. CSC was formed to promote closer cooperation on matters of security and to strengthen partnerships for enhancing regional security in the Indian Ocean Region. Bangladesh also participated in the event.

Special Parliament session from November 30; women's quota on agenda

New Delhi, Agency: Ending suspense, government Thursday moved to convene a short session of Parliament from November 30 during which it is expected to bring back the delimitation bills to implement the women's quota law from 2029, which would increase Lok Sabha's maximum strength to 850 from 550, reflecting confidence in NDA that it will muster a two-thirds majority this time to secure the bill's passage. Parliamentary affairs minister Kiren Rijiju announced that government has requested Speaker Om Birla to



reconvene Lok Sabha on November 30 and Rajya Sabha Chairman C P Radhakrishnan to call a sitting of the House on Dec 2 to transact "essential government business".

"Subject to exigencies of business, the sitting of both Houses may conclude on Dec 3, 2026," he said, suggesting government is hopeful of concluding its agenda in four days.

This is the second attempt by government to secure passage of its ambitious legislative agenda. If passed, it will mark the biggest realignment of Lok Sabha constituencies since Independence. A united opposition had thwarted the Constitution (131st Amendment) Bill in a similarly convened session, of three days, from April 16.

The move comes amid strong indications that government is confident of its numbers in the second trial of strength that the opposition is determined to force. In any case, it will be loath to risk another embarrassment; that too one during the build-up to assembly elections in UP and other states. Passage of the bill, which will ensure reservation of one-third seats in Lok Sabha and pave the way for a similar quota in assemblies, will give BJP a major campaign point in the upcoming polls to showcase its pro-women credentials.

Mumbai police issue lookout circulars against CJP's Abhijeet Dipke, Ashutosh Ranka, Saurav Das

Mumbai, Agency: Centre informed Delhi high court on Thursday that a lookout circular had been issued against CJP co-convener Saurav Das at the request of Mumbai police early on Nov 23, hours before immigration officials at Delhi airport barred him from flying to London. Besides Das, lookout circulars have been issued against CJP founder Abhijeet Dipke and co-convener Ashutosh Ranka over CJP's protest at Dadar on October 2.

Centre's counsel said Das was free to challenge the circular in the appropriate court, reiterating that the CJP functionary also faces scrutiny for "multiple discrepancies" in his passport that could affect his citizenship.

Das's lawyers had filed a petition seeking clarity on why he was issued a notice about alleged discrepancies in his passport on the day he was to fly to UK.

"The LOC is clearly an afterthought," Das said in a statement later, asking why declared fugitives such as Vijay Mallya, Nirav Modi and Mehul Choksi had been allowed to leave the country while activists like him were being stopped. Senior counsel Akhil Sibal, representing Das, told Justice



Amit Mahajan that his client had never been told of a lookout circular against him. He asked for a copy of the document along with an explanation of its "purpose".

The counsel said enforcement agencies were awaiting the outcome of an inquiry that started in Puducherry to verify Das's place of birth, address and parentage, pointing out that the passport column meant to have details of his father had been left blank.

He said that, assuming passport authorities find Das's explanation inadequate, he could be "left stranded in no-man's land".

Additional solicitor general Chetan Sharma and standing counsel Ashish Dixit said a copy of the lookout circular could not be immediately given to Das because he was yet to respond to the show-cause notice issued on Nov 23.

